# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## प्रेस विज्ञप्ति

**विषयः धौलाकुंआ मैट्रो पिलर सं0 37-38 के पास सैन्ट्रो कार डी एल 8 सी एन 8634 के उलट जाने के कारण सड़क दुर्घटना होने के संबंध में ।**

**नई दिल्ली, 07 सितंबर, 2015 :** विभिन्न प्रिंट और इलैक्ट्रानिक मीडिया में आधी-अधूरी खबर के आधार पर भाविप्रा के अधिकारी के इस दुर्घटना मे शामिल होने के बारे में भाविप्रा प्रवक्ता के पास बहुत से प्रश्न आ रहे हैं। मामले को सही परिदृश्य में सामने रखने के लिए , इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में दो युवकों की मृत्यु हो गई जिनमें से एक श्री जोयदीप सिंह , न कि "जयदीप सिंह" जोकि भाविप्रा में कार्यरत एक वरिष्ठ अधिकारी का पुत्र है। वह उस समय ड्राइवर सीट पर नहीं था। वह एक युवा एवं होनहार लड़का था तथा प्लेसमेंट की औपचारिकताओं को लगभग पूरी कर चुका था , न कि नौकरी ढूंढ रहा था जैसा बताया जा रहा है। उसके सामने इलैक्ट्रानिक्स क्षेत्र का उज्जवल भविष्य था। इस दुखद घड़ी में भाविप्रा परिवार शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है तथा ईश्वर से प्रार्थना करता है कि वह उन्हे इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

---


जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,


सं. 38 /2015-16

स्व. श्री जोयदीप सिंह की फाइल फोटो